प्रतिवेदन

कार्यक्रम – गांधी जयंती

आयोजक – एन सी सी

दिनांक – 02/10/2021

शासकीय महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया के एनसीसी विभाग ने गांधी जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर 2021 को महाविद्यालय परिसर में गहन साफ–सफाई की। 28 सीजी बटालियन एनसीसी रायगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल विनय मलहोत्रा के मार्गदर्शन एवं ले0 सरला जोगी के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने गांधी की प्रतिमा की सफाई करने के बाद उन्हें पुष्पांजलि अर्पित किया। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल श्री ए के पटेल ने गांधी के द्वारा बताए गए अहिंसा के रास्ते पर चलने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। उनके संदेश एवं कार्यों को स्मरण किया गया। ऐसा कभी नहीं हुआ कि गांधी जी के नाम से निर्मित इस महाविद्यालय में उन्हें याद न किया गया हो। पिछले वर्षों में भी एनसीसी विभाग ने रैली निकालते हुए प्रमुख चौक–चौराहों की सफाई की थी। कार्यक्रम की शुरूआत भजन–रघुपति राघव राजा राम से की गई। इस वर्ष भी रैली निकाली गई और छात्रों का उद्बोधन हुआ। एनसीसी के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए प्राचार्य डॉ0 पी सी घृतलहरे, नैक समन्वयक डॉ0 आर के टण्डन, आईक्यूएसी समन्वयक मनोज साहू सहित समस्त शिक्षकों ने प्रो0 सरला जोगी एवं पूरी एनसीसी इकाई को बधाइयाँ दी।